# वार्षिक प्रतिवेदन

# Annual Report

2011 - 12

State Bank of Bikaner & Jaipur

एस बी बी जे

50

2012 - Golden Jubilee Year

स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर STATE BANK OF BIKANER & JAIPUR

Leading Innovations

Simplifying Banking

**निदेशक मण्डल की सभा का दृश्य।**

View of the Meeting of the Board of Directors

## सूचना

### स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर

**प्रधान कार्यालय, तिलक मार्ग, 'सी'-स्कीम,**
**जयपुर-302 005**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती हैं कि स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर के अंशधारकों की 51वी वार्षिक साधारण सभा **महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम, भारतीय विद्या भवन, के. एम. मुंशी मार्ग, ओ.टी.एस. के सामने, जयपुर में गुरूवार दिनांक 24 मई 2012 को पूर्वान्ह 11.30 बजे** (भारतीय मानक समय) आयोजित की जायेगी जिसमें 1 अप्रैल, 2011 से 31 मार्च, 2012 तक की अवधि के तुलन-पत्र एवं लाभ और हानि खाता, इसी अवधि में बैंक के कार्यकरण एवं क्रियाकलापों पर निदेशक मंडल के प्रतिवेदन तथा तुलन-पत्र व लेखों के सम्बन्ध में संपरीक्षकों के प्रतिवेदन पर विचार कर पारित किया जायेगा।

बैंक के अंशधारकों का रजिस्टर गुरूवार दिनांक 17 मई, 2012 से बुधवार दिनांक 23 मई, 2012 तक (दोनों दिन मिलाकर) 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष की वार्षिक साधारण सभा हेतु बन्द रहेगा।

मण्डल के आदेशानुसार

जयपुर
दिनांक: 21 अप्रैल, 2012

**शिव कुमार**
प्रबन्ध निदेशक

## NOTICE

### STATE BANK OF BIKANER & JAIPUR

**Head Office, Tilak Marg, 'C'-Scheme,**
**Jaipur-302 005**

NOTICE is hereby given that the Fifty-first Annual General Meeting of the Shareholders of State Bank of Bikaner and Jaipur will be held in the **Maharana Pratap Auditorium, Bharatiya Vidya Bhavan, K. M. Munshi Marg, Opp. O.T.S., Jaipur - 302015 on Thursday, the 24th May, 2012 at 11.30 A.M.** (Indian Standard Time) to discuss and adopt the Balance Sheet and Profit & Loss Account of the Bank, the report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts for the period 1st April, 2011 to 31st March, 2012.

The register of shareholders of the Bank shall remain closed from Thursday, the 17th May, 2012 to Wednesday, the 23rd May, 2012 (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting for the year ended 31st March, 2012.

By Order of the Board

Jaipur
Dated: 21st April, 2012

**Shiva Kumar**
Managing Director

# विषय-सूची CONTENTS


| | |
|---|---|
| उल्लेखनीय तथ्य<br>Highlights | 03<br>03 |
| निदेशक मण्डल<br>Board of Directors | 04<br>04 |
| निदेशक मण्डल का प्रतिवेदन<br>Directors' Report | 06<br>07 |
| बासेल-II प्रकटीकरण<br>Basel-II Disclosures | 76<br>77 |
| लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन<br>Auditors' Report | 114<br>115 |
| तुलन-पत्र<br>Balance Sheet | 118<br>118 |
| लाभ-हानि खाता<br>Profit & Loss Account | 120<br>120 |
| अनुसूचियां<br>Schedules | 122<br>122 |
| प्रमुख लेखा नीतियां<br>Principal Accounting Policies | 134<br>135 |
| खातों पर टिप्पणियाँ<br>Notes on Accounts | 148<br>149 |


## उन्नति का एक दशक 2003-2012
## A Decade of Progress 2003-2012

(₹ करोड़ में)
***(₹in Crore)***

| संकेतक ***Indicators*** | पूँजी एवं आरक्षितियां ***Capital & Reserves*** | कुल व्यवसाय ***Total Business*** | परिचालन लाभ ***Operating Profit*** | निवल लाभ ***Net Profit*** | शाखाओं की संख्या ***No. of Branches*** | प्रति कर्मचारी औसत व्यवसाय ***Average Business per Employee*** | प्रति कर्मचारी निवल लाभ (₹लाख में) ***Net Profit per Employee (₹In lakh )*** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मार्च ***March 2003*** | ***903.45*** | ***20391*** | ***440.85*** | ***203.28*** | ***804*** | ***1.46*** | ***1.63*** |
| मार्च ***March 2004*** | ***1148.57*** | ***25457*** | ***681.35*** | ***301.52*** | ***812*** | ***1.70*** | ***2.44*** |
| मार्च ***March 2005*** | ***1297.68*** | ***31294*** | ***729.64*** | ***205.65*** | ***824*** | ***2.20*** | ***1.69*** |
| मार्च ***March 2006*** | ***1405.66*** | ***37790*** | ***481.03@*** | ***145.03*** | ***832*** | ***2.77*** | ***1.20*** |
| मार्च ***March 2007*** | ***1653.71*** | ***49246*** | ***679.20@*** | ***305.80*** | ***844*** | ***3.56*** | ***2.57*** |
| मार्च ***March 2008*** | ***1713.21*** | ***59427*** | ***661.18@*** | ***315.00*** | ***850*** | ***4.45*** | ***2.73*** |
| मार्च ***March 2009*** | ***2046.47*** | ***69312*** | ***892.84@*** | ***403.45*** | ***860*** | ***5.55*** | ***3.55*** |
| मार्च ***March 2010*** | ***2417.40*** | ***81622*** | ***903.73@*** | ***455.16*** | ***861*** | ***6.28*** | ***3.96*** |
| मार्च ***March 2011*** | ***2850.81*** | ***95596*** | ***1140.25@*** | ***550.88*** | ***902*** | ***7.51*** | ***4.84*** |
| मार्च ***March 2012*** | ***4164.88*** | ***111558*** | ***1489.61@*** | ***652.03*** | ***950*** | ***8.27*** | ***5.42*** |

@ निवेशों के मूल्यांकन के लिए भारिबैं द्वारा जारी पुनरीक्षित दिशानिर्देशों को दृष्टिगत करते हुए।
***Keeping in view revised RBI guidelines on valuation of investments.***

# उल्लेखनीय तथ्य
# HIGHLIGHTS

(₹करोड़ में)
***(₹in Crore)***

| | | 2010-11 | 2011-12 |
|---|---|---|---|
| कुल व्यवसाय अन्तर-बैंक जमाओं सहित ***Total Business including inter-bank deposits*** | | 95596 | 111558 |
| जमाराशियाँ ***Deposits*** | | 53852 | 61572 |
| कुल अग्रिम ***Total Advances*** | | 41744 | 49986 |
| अग्रिम (निवल) ***Advances (Net)*** | | 41207 | 49244 |
| निवेश (निवल) ***Investments (Net)*** | | 13521 | 16669 |
| निवल लाभ ***Net Profit*** | | 550.88 | 652.03 |
| जमाओं की लागत ***Cost of Deposits*** | | 5.81% | 6.85% |
| अग्रिमों पर आय ***Yield on Advances*** | | 10.30% | 11.51% |
| निवल ब्याज अन्तर ***Net Interest Margin*** | | 3.38% | 3.70% |
| प्रदत्त पूँजी एवं आरक्षितियाँ ***Paid-up Capital & Reserves*** | | 2850.81 | 4164.88 |
| प्रति अंश आय (₹ में) ***Earning per Share (in ₹)*** | | 101.53 | 95.05 |
| प्रति अंश पुस्तक मूल्य (₹ में) ***Book Value per Share ( in ₹)*** | | 570.16 | 594.98 |
| पूँजी पर्याप्तता अनुपात ***Capital Adequacy Ratio*** | बासेल-I के अनुसार ***As per Basel-I*** | 11.32% | 12.81% |
| | बासेल-II के अनुसार ***As per Basel-II*** | 11.68% | 13.76% |
| लाभांश दर ***Dividend Rate*** | | 164% | 145% |
| सकल गैर-निष्पादित आस्तियां ***Gross Non Performing Assets*** | | 835.40 | 1651.47 |
| सकल गैर-निष्पादित आस्तियां प्रतिशत ***Gross NPA %*** | | 2.0% | 3.30% |
| निवल गैर-निष्पादित आस्तियां प्रतिशत ***Net NPA %*** | | 0.83% | 1.92% |
| प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम ***Advances to Priority Sectors*** | | 15112 | 17690 |
| कृषि क्षेत्र को अग्रिम ***Advances to Agriculture*** | | 7316 | 9032 |
| सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को अग्रिम ***Advances to Micro and Small Enterprises*** | | 4878 | 6478 |
| निर्यात वित्त ***Export Finance*** | | 1890 | 1931 |
| शाखाओं की कुल संख्या ***Total number of branches*** | | 902 | 950 |
| कर्मचारियों की संख्या ***Number of Employees*** | | 11946 | 12866 |
| प्रति कर्मचारी औसत व्यवसाय ***Average Business per Employee*** | | 7.51 | 8.27 |
| प्रति कर्मचारी निवल लाभ (₹ लाख में) ***Net Profit per Employee (₹ in lakh)*** | | 4.84 | 5.42 |

# निदेशक मण्डल (31 मार्च, 2012 को)

| | |
|---|---|
| श्री प्रतीप चौधरी<br>अध्यक्ष,<br>भारतीय स्टेट बैंक,<br>कारपोरेट सेन्टर, मेडम कामा रोड्,<br>मुम्बई - 400 021 | भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (ए) के अधीन पदेन अध्यक्ष |
| श्री शिव कुमार<br>प्रबन्ध निदेशक,<br>स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर,<br>प्रधान कार्यालय, तिलक मार्ग,<br>जयपुर 302005 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (एए) के अधीन मनोनीत |
| श्री राजेश वर्मा<br>मुख्य महाप्रबन्धक, ग्राहक सेवा विभाग,<br>भारतीय रिज़र्व बैंक,<br>अमर बिल्डिंग, प्रथम तल,<br>सर पी एम रोड, फोर्ट,<br>मुम्बई - 400 001 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (बी) के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मनोनीत |
| श्री श्यामल आचार्य<br>उप प्रबन्ध निदेशक एवं जी.ई.,<br>(ए एवं एस ग्रुप),<br>भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट सेन्टर,<br>मुम्बई - 400 021 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत |
| श्री ए.के. देब<br>मुख्य महाप्रबन्धक, (ए एवं एस ग्रुप),<br>भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट सेन्टर,<br>मुम्बई - 400 021 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत |
| श्री बी. रमेश बाबू<br>उप महाप्रबन्धक, (ए एवं एस),<br>सहयोगी बैंक विभाग,<br>भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट सेन्टर<br>मुम्बई - 400 021 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत |
| श्री राजेश टी. मनुबरवाला<br>9, अमीजाधव बंगलों, आशिष होटल के पास, एबीसी चौकड़ी भरूच - 392001 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत |
| श्री भारत रतन<br>बी. रतन एण्ड एसोसियेट्स् दुकान सं. 408-409, महक टावर, कैलाश सिनेमा रोड, सिविल लाइस, लूधियाना - 141001 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत |
| श्री अरुण कुमार सराफ<br>प्रबन्ध निदेशक, ज्यूनिपर होटलस् प्रा. लि.,<br>ग्रांड हयात मुम्बई, शान्ताक्रूज<br>मुम्बई - 400 005 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (डी) के अधीन चयनित निदेशक |
| श्री संजीव शर्मा<br>द्वारा क्वॉण्टम बैंकिंग<br>रिसोर्सेज सेन्टर (प्रा.) लि., ए-703,<br>'समुद्रा' टेलीफोन एक्सचेंज के पास, सी जी रोड के सामने आहमदाबाद-380 006 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (डी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत |
| श्री कुनाल डालमिया<br>लिन्डसे टॉवर, नवम तल, 13,<br>नेलीसेन गुप्ता सारनी, कोलकाता-700087 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (डी) के अधीन चयनित निदेशक |
| श्री अमरीक सिंह<br>अवर सचिव, भारत सरकार,<br>वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग,<br>(बैंकिंग प्रभाग) तृतीय तल, जीवन द्वीप बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001 | अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (ई) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत |
| श्री राजेन्द्र कुमार शाह<br>1346, अजव घर का रास्ता,<br>किशनपोल बाजार, जयपुर - 302003 | अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (2ए) के साथ पठित धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सीबी) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत |
| श्री डी.के. जैन<br>एकल खिडकी परिचालक,<br>स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर,<br>अ.का., पटेल सर्किल, उदयपुर 313001 | अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (2ए) के साथ पठित धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सीए) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत |

# BOARD OF DIRECTORS (AS ON 31st March, 2012)

| | |
|---|---|
| **Shri Pratip Chaudhuri**<br>Chairman<br>State Bank of India,<br>Corporate Centre, Madame Cama Road, Mumbai-400021 | Chairman, ex-officio under clause (a) of sub-section (1) of section 25 of the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959. |
| **Shri Shiva Kumar**<br>Managing Director<br>State Bank of Bikaner and Jaipur,<br>Head Office,<br>Tilak Marg, Jaipur - 302 005 | Nominated under clause (aa) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri Rajesh Verma**<br>Chief General Manager Customer Service Deptt, Reserve Bank of India, Amar Building, Ist Floor, Sir P.M. Road, Fort, Mumbai-1 | Nominated by the Reserve Bank of India under clause (b) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri Shyamal Acharya**<br>Dy. Managing Director & G.E.,<br>(A & S Group),<br>State Bank of India,<br>Corporate Centre,<br>Mumbai - 400 021 | Nominated by the State Bank of India under clause (c) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri A.K. Deb**<br>Chief General Manager (A & S Group), State Bank of India, Corporate Centre, Mumbai | Nominated by the State Bank of India under clause (c) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri B. Ramesh Babu**<br>Dy. General Manager (A&S),<br>Associate Banks Department,<br>State Bank of India,<br>Corporate Centre, Mumbai-400021 | Nominated by the State Bank of India under clause (c) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri Rajesh T. Manubarwala**<br>9, Amijadav Bunglows, Near Hotel Ashish, ABC Chokdi,<br>Bharuch -392001 | Nominated by the State Bank of India under clause (c) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri Bharat Rattan**<br>B. Rattan & Associates,Shop No. 408-409, Mahak Tower, Kailash Cinema Road, Civil Lines<br>Ludhiana-141001 | Nominated by the State Bank of India under clause (c) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri Arun K. Saraf**<br>Managing Director, Juniper Hotels Pvt Ltd., Grand Hyatt Mumbai, Santacruz,MUMBAI-400005 | Elected director under clause (d) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri Sanjeev Sharma**<br>C/o Quantum Banking Resources Centre(P) Ltd., A-703, "Samudra". Near Telephone Exchange, Off C.G. Road, AHMEDABAD- 380 006 | Nominated by the State Bank of India under clause (d) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri Kunal Dalmia**<br>Lindsay Tower, 9th Floor,13, Nelisen Gupta Sarnee,<br>Kolkata-700087 | Elected director under clause (d) of sub-section (1) of section 25 of the Act |
| **Shri Amrik Singh**<br>Under Secretary, Govt. of India, Ministry of Finance, Deptt. of Financial Services (Banking Division), 3rd Floor, Jeevan Deep Bldg., Parliament Street,<br>New Delhi.-110001 | Nominated by the Central Government under clause (e) of sub-section (1) of section 25 of the Act. |
| **Shri Rajendra Kumar Shah**<br>1346, Ajab-ghar Ka Rasta, Kishanpole Bazar,<br>Jaipur-302003 | Nominated by the Central Government under clause (cb) of sub-section (1) of section 25 read with sub section (2A) of section 26 of the Act. |
| **Shri D.K. Jain**<br>S. W. O.,<br>State Bank of Bikaner & Jaipur,<br>Z. O., Patel Circle,<br>Udaipur-313001 | Nominated by the Central Government under clause (ca) of sub- section (1) of section 25 read with sub- section (2A) of section 26 of the Act. |

# निदेशक मण्डल ( 31 मार्च 2012 को )
# BOARD OF DIRECTORS (AS ON 31st March, 2012)

श्री प्रतीप चौधरी
अध्यक्ष
**Shri Pratip Chaudhuri**
***Chairman***

श्री शिव कुमार
प्रबन्ध निदेशक
**Shri Shiva Kumar**
***Managing Director***

श्री राजेश वर्मा
**Shri Rajesh Verma**

श्री श्यामल आचार्य
**Shri Shyamal Acharya**

श्री ए.के. देब
**Shri A.K.Deb**

श्री बी. रमेश बाबू
**Shri B. Ramesh Babu**

श्री राजेश टी.मनुबरवाला
**Shri Rajesh T. Manubarwala**

श्री भारत रतन
**Shri Bharat Rattan**

श्री अरुण के. सराफ
**Shri Arun K. Saraf**

श्री संजीव शर्मा
**Shri Sanjeev Sharma**

श्री कुनाल डालमिया
**Shri Kunal Dalmia**

श्री अमरीक सिंह
**Shri Amrik Singh**

श्री राजेन्द्र कुमार शाह
**Shri Rajendra Kumar Shah**

श्री डी.के. जैन
**Shri D.K. Jain**

# भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 43(1) के निबन्धनों के तहत भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक एवं भारत सरकार को निदेशक मंडल का प्रतिवेदन

## प्रतिवेदन की अवधि: 01 अप्रैल, 2011 से 31 मार्च, 2012

स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर के निदेशक मंडल को बैंक के 31 मार्च, 2012 को समाप्त हुए वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन, अंकेक्षित तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि खातों के साथ प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता है।

## प्रबन्धन विचार-विमर्श और विश्लेषण

### आर्थिक परिदृश्य

#### वैश्विक अर्थव्यवस्था

वर्ष 2011-12 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में काफी उतार चढ़ाव देखा गया जो ग्रीस, आयरलैंड, पुर्तगाल, इटली व स्पेन में यूरो संकट के कारण रहा। जिसका असर सिर्फ यूरोपीय देशों पर ही नहीं बल्कि इसने पूरे विश्व की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित किया। यह वर्ष आशावादिता एवं चिंता के मिश्रित भावों से परिपूर्ण रहा। एक बड़ी गिरावट के बाद बेहतर अर्थव्यवस्था की आशा बनी है। विश्व बैंक के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था चीन से भी ज्यादा तेजी से बढ़ेगी। मुद्रास्फीति एक गंभीर चिंता है। चीन और भारत तेजी से विकास कर वैश्विक वृद्धि दर को बढ़ा रहे हैं।

#### भारतीय अर्थव्यवस्था

सांकेतिक जीडीपी के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की नौवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय क्षमता (पीपीपी) के अनुसार तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांगों से लाभान्वित हुई है। फिर भी बढ़ती हुई ब्याज दरों से समग्र विकास दर में कुछ कमी की आशंका है। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन के आंकलन के अनुसार अप्रैल-मार्च 2012 के लिए जीडीपी में 6.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की उम्मीद है जो गत वर्ष इस अवधि के लिए 8.6 प्रतिशत थी। औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में 2011-12 के दौरान 7.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो गत वर्ष 7.8 प्रतिशत थी।

वर्ष 2011-12 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अच्छा सुधार हुआ है। वर्ष 2011-12 के दौरान भारत के निर्यात में 21 प्रतिशत जबकि आयात में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान भारतीय इक्विटी एवं ऋण बाजारों में 18.26 बिलियन यूएस डालर का निवेश किया जो गत वर्ष की आलोच्य अवधि में 32.20 बिलियन यूएस डालर था। इसके अलावा विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में अन्तरर्वाह के साथ भारत का विदेशी विनिमय कोष मार्च 2012 में घटकर 294.40 बिलियन अमरीकी डालर रही।

दुनिया भर में वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बहुत से वित्तीय एवं मौद्रिक उपाय किये गये हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ने मुद्रास्फीति को रोकने के लिए मार्च 2010 से तेरह बार अपनी प्रमुख दरों को बढ़ाया है। वर्ष 2011-12 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत वस्तुओं के समूह एवं भारांकन को संशोधित करने के अतिरिक्त भारत सरकार ने आधार वर्ष 1993-94 को बदल कर 2004-05 करते हुए थोक मूल्य सूचकांक की नयी श्रृंखला लागू की है। वर्ष के दौरान थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति घटकर मार्च 2012 में 8.80 प्रतिशत हो गयी जो मार्च 2011 में 8.98 प्रतिशत थी। अच्छे मानसून से अप्रभावित रहते हुए मुद्रास्फीति विशेष रुप से उच्च खाद्यान्न मूल्यों के कारण, उच्च स्तर पर बनी रही है। वर्ष 2012-13 के केंद्रीय बजट में एक समान वस्तु एवं सेवा कर को क्रियान्वित करने की प्रस्तावना के रुप में रियायतों को कम करने के साथ ही केंद्रीय उत्पाद शुल्क की मानक दर 12 प्रतिशत को बनाये रखा है।

*अल्प संख्यक समुदाय को ऋण वितरण के अवसर पर माननीय वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार श्री नमो नारायण मीना*

***Hon'ble Minister of State (Finance), GoI Shri Namo Narayan Meena on the occasion of Loan Distribution to minority community***

# REPORT OF THE BOARD OF DIRECTORS TO THE STATE BANK OF INDIA, THE RESERVE BANK OF INDIA AND THE GOVERNMENT OF INDIA IN TERMS OF SECTION 43(1) OF THE STATE BANK OF INDIA (SUBSIDIARY BANKS) ACT 1959

## PERIOD COVERED BY THE REPORT: 1ST APRIL 2011 TO 31ST MARCH 2012

The Board of Directors of State Bank of Bikaner and Jaipur have pleasure in presenting this Annual Report together with the audited Balance Sheet and Profit and Loss Account of the Bank for the year ended 31st March 2012.

## MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

### ECONOMIC ENVIRONMENT

### WORLD ECONOMY

The year 2011-12 has been a year of major turbulence in the global economy triggered by the Euro Crisis, emanating from Greece, Ireland, Portugal and Cyprus and spreading to Italy and Spain, impacting not only Europe but the whole of the world and culminating into an overall economic crisis. The year was replete with a mixed sense of optimism and concerns. The optimism was attributed to a somewhat encouraging 'two speed' recovery in advanced and emerging economies, after a major slump. As per World Bank study, Indian economy is expected to grow faster than China. As inflation has emerged a major concern across the border too, China has seen the back of its fiscal stimulus. China and India have seen rapid growth and have helped push-up the global growth rate.

### INDIAN ECONOMY

The Economy of India is the ninth largest in the world by nominal GDP and the third largest by purchasing power parity (PPP). The Indian economy has benefited from robust domestic demand. However, increasing interest rates are expected to shave off a few basis points from the overall growth rate. As per the estimates made by the Central Statistical Organization, India's GDP is expected to grow by 6.9% during April-March, 2012 compared to the growth of 8.6% in the corresponding period last year. The Index of Industrial Production recorded a growth of 7.0% during 2011-12 compared to 7.8% during previous year.

There has been a good recovery in international trade during 2011-12. India's exports increased by 21% in US dollar terms during April-March 2011-12, while imports registered a growth of 32%. The overall financial crices in Global economy has affected the FII investment as they have invested a net amount of US$ 18.26 billion in Indian equity and Debt markets during April-March 2011-12 compared to an inflow of US$ 32.20 billion in the same period of previous year. This, together with foreign direct investment inflow, has resulted in India's foreign exchange reserves decreasing to US$ 294.40 billion as at the end of March 2012.

Due to global increase in commodity prices, a host of fiscal and monetary measures have been taken by the Government of India and Reserve Bank of India. The Reserve Bank has hiked key rates thirteen times since March 2010 in its bid to check rising inflation. During 2011-12, Government of India launched a new Wholesale Price Index Series by shifting base year from 1993-94 to 2004-05 besides revising the weights and the basket of commodities covered under the WPI. During the year, WPI inflation declined from 8.98% in March 2011 to 8.80% in March 2012. Notwithstanding good monsoons, inflation remained at elevated levels particularly on account of high food prices. The Union Budget 2012-13 has maintained the standard rate of central excise duty at 12% with reduction in exemptions as a prelude to implementation of the Uniform Goods and Service Tax.

*माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जयपुर में ऑन-लाईन ट्रेजरी शाखा के उद्घाटन के अवसर पर*

***Hon'ble Chief Minister Shri Ashok Gehlot on the occasion of inauguration of Online Treasury Branch at Jaipur***

## राजस्थान की अर्थव्यवस्था

राजस्थान की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि एवं पशु-पालन आधारित है। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 10.4 प्रतिशत तथा जनसंख्या का 5.5 प्रतिशत भाग आवृत करते हुए राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (2004-05 की कीमतों पर) में वृद्धि की दर पिछले वर्ष की 11 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2011-12 में 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राज्य की स्थिर मूल्यों पर आधारित प्रति व्यक्ति आय में 3.73 प्रतिशत की वृद्धि होकर 2011-12 के दौरान इसके ₹27,421 हो जाने की संभावना है जो गत वर्ष 2010-11 ₹26,436 थी । राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि 76.6 प्रतिशत व्यक्ति ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में रहते हैं तथा राज्य की दो तिहाई जनसंख्या अपनी आजीविका हेतु कृषि एवं कृषि आधारित गतिविधियों पर निर्भर है। वर्ष 2011-12 के दौरान औसत से ज्यादा वर्षा के बावजूद गत वर्ष से कृषि उत्पादन कम रहा। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान कुल कृषि उत्पादन लगभग 209.45 लाख टन होने का अनुमान है जो गत वर्ष 235.61 लाख टन था। राज्य के अनेक भागों में भारी शीतलहर के कारण फसल को क्षति हुई जिससे कृषि उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई।

बैंकिंग क्षेत्र में जमाओं में अखिल भारतीय स्तर पर इसी अवधि की 18.29 प्रतिशत की तुलना में जून 2011 तक 17.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साख जमा अनुपात राजस्थान के लिए जून 2011 में 90.76 प्रतिशत रहा जो अखिल भारतीय स्तर पर 75.19 प्रतिशत रहा जबकि जून 2010 में यह राजस्थान और संपूर्ण भारत का क्रमश: 86.67 प्रतिशत एवं 73.94 प्रतिशत रहा।

## वित्तीय क्षेत्र की गतिविधियां

वर्ष 2011-12, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के अग्रिमों में तीव्र वृद्धि का साक्षी रहा है जबकि जमाओं में वृद्धि शिथिल रही। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल जमाराशियों एवं अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि की दर जो कि विगत वर्ष में क्रमश: 15.8 प्रतिशत तथा 21.4 प्रतिशत की तुलना में अंत मार्च 2012 में क्रमश: 17.40 प्रतिशत तथा 19.30 प्रतिशत रही। मुद्रास्फीति के उच्च स्तर सहित आर्थिक सुधार के गति पकड़ने के साथ, भारतीय रिज़र्व बैंक ने निरंतर वित्तीय सुधार के उपाय किए हैं। मार्च 2011 से रेपो दर में 175 आधार बिंदुओं की वृद्धि करते हुए 8.5 प्रतिशत की गयी, रिवर्स रेपो दर में 175 आधार बिंदुओं की वृद्धि करते हुए 7.5 प्रतिशत की गयी जबकि आरक्षित नकदी निधि अनुपात में 125 आधार बिंदुओं की कमी कर इसे 4.75 प्रतिशत किया गया। तथापि वित्तीय प्रणाली में उभरते तरलता दबावों को शिथिल करने के लिए सांविधिक चलनिधि अनुपात 24.0 प्रतिशत रखा गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति उपायों के क्रम में, वर्ष 2011-12 में ब्याज दरें नरम रही। प्रमुख बैंकों की एक वर्ष से अधिक की परिपक्वता वाली जमा ब्याज दरें मार्च 2011 को 8.25-9.75 प्रतिशत से घटकर मार्च 2012 को 8.00-9.50 प्रतिशत हो गयी। 01 जुलाई 2010 से बैंचमार्क मूल उधार दर प्रणाली (BPLR) के स्थान पर आधार दर प्रणाली प्रभावी हुई। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बेस रेट मार्च 2012 की समाप्ति तक 10 प्रतिशत से 10.75 प्रतिशत रहा।

शेयर बाजार में पूरा वर्ष उतार चढ़ाव रहा। मार्च 2012 की समाप्ति पर बीएसई सेनसेक्स 17404 पर बंद हुआ जो गत वर्ष 2011 की तुलना में 10.5 प्रतिशत कम रहा। वर्ष के दौरान भारतीय रुपया अमरीकी डालर के तुलना में 14.08 प्रतिशत, ब्रिटिश पाउण्ड की तुलना में 14.11 प्रतिशत जापानी येन की तुलना में 14.72 प्रतिशत एवं यूरो की तुलना में 7.64 प्रतिशत गिरा। पूंजी बाजार में सुधार के लिए अनेक कदम उठाये गए जिसमें आईपीओ प्रक्रिया को सरल करना एवं अर्हता प्राप्त-विदेशी निवेशकों को भारतीय बाँड बाजार में काम करने की अनुमति देना शामिल है। वित्तीय समावेशन पर बल तथा विवेकपूर्ण मानदंडों को सुदृढ़ बनाते हुए अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों में साख प्रभाव के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने हेतु वर्ष के दौरान सतत् उपाय जारी रखे गये। जिसमें कुछ महत्वपूर्ण बातें निम्न हैं:-

- 01.04.2012 से चैक/ड्राफ्ट/भुगतान आदेश/बैंकर्स चैक की वैधता अवधि 06 महीने से घटाकर 03 महीने कर दी गयी।
- 25 लाख तक की लागत वाले आवास ऋणों पर 15 लाख की राशि तक 1 प्रतिशत तक सरकारी ब्याज सहायता का प्रावधान किया गया है।
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत 01.04.2011 से वैयक्तिक आवास ऋण की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख कर दी गयी है।
- 09 मई 2011 से बैंकों के लिए नयी तरलता समर्थन प्रणाली हेतु अंतर स्थायी सुविधा (Marginal Standing Facility) लागू की गई है।

*जाने माने क्रिकेटर श्री राहुल द्रविड़ ग्राहक सेवा में गुणवत्ता हेतु: मिशन-पांच का शुभारंभ करते हुए*

***Quality in Customer Service: 'Mission Five' – Eminent Cricketer Shri Rahul Dravid launched the Programme***

## RAJASTHAN ECONOMY

Rajasthan's economy is primarily agricultural and pastoral. Rajasthan is the largest State in the country geographically, covering 10.4% of the total area and 5.5% of the total population in the country. During 2011-12, the Gross State Domestic Product at 2004-05 prices is expected to record a growth of 5.4% as against 11.0% growth recorded in the previous year. The per capita income of the State at constant prices is expected to increase to ₹27,421 during 2011-12, as against ₹26,436 in 2010-11, recording a growth of 3.73%. Agriculture plays an important role in the State's economy since about 76.6% people live in rural and semi-urban areas and two-thirds of the State population depend upon agriculture and allied activities for their livelihood. During 2011-12, even though the State received more than average rainfall, agriculture production was less than the previous year. During the current financial year, total agriculture production is expected to be around 209.45 lakh tonne, against 235.61 lakh tonne in the previous year. The decline in agriculture is due to heavy damage to crop by cold-wave in many parts of the State.

In the Banking sector, the deposits have increased by 17.57% in June, 2011 over the corresponding period compared to 18.29% at the all India level during the same period. The credit deposit ratio was 90.76% in June, 2011 for Rajasthan and at 75.19% at the all India level, whereas in June, 2010 it was 86.67% and 73.94% in Rajasthan and all India level respectively.

## DEVELOPMENTS IN THE FINANCIAL SECTOR

The year 2011-12 witnessed a sharp recovery in the advances growth of scheduled commercial banks (SCBs) while the deposit growth remained muted. The year-on-year growth in aggregate deposits and advances of SCBs stood at 17.4% and 19.3% respectively as at end-March 2012, compared to 15.8% and 21.4% respectively during the previous year. With economic recovery gaining momentum coupled with elevated levels of inflation, RBI undertook a series of monetary tightening measures. Since March 2011, Repo rate has been increased by 175 bp to 8.5%, Reverse Repo rate has been increased by 175 bp to 7.5%, while Cash Reserve Ratio has been decreased by 125 bp to 4.75%. However, SLR requirement has been kept at 24.0% in order to mitigate the liquidity pressures emerging in the financial system.

In line with the monetary policy measures of RBI, interest rates softened during the year 2011-12. The rates of interest on deposits of major banks above one year maturity decreased from 8.25 - 9.75% as at end-March 2011 to 8.00 - 9.50% as at the end-March 2012. With effect from 1st July 2010, the Base Rates replaced Benchmark Prime Lending Rates (BPLRs). The Base Rates of scheduled commercial Banks remained in the range of 10% to 10.75% as at end-March 2012. Equity markets remained volatile during the year. As at end-March 2012, BSE Sensex closed at 17404, recording a decline of 10.5% over end-March 2011 level. During the year, Indian Rupee depriciated by 14.08% against US Dollar, 14.11% against British Pound, 14.72% against Japanese Yen and 7.64% against Euro. Various steps were proposed for amplifying the reforms in the Capital markets that included simplifying process of IPOs, allowing Qualified Foreign Investors (QFIs) to access Indian bond market etc. A series of measures continued to be undertaken during the year to create a conducive environment for flow of credit to productive sectors of the economy with thrust on financial inclusion. Some of the important policy developments during the year were as under:-

- The validity period of cheque / drafts/pay orders/ Banker's cheques reduced from 6 months to 3 months effective from 01.04.2012.
- Interest subvention of 1% on housing loans extended to loans upto ₹15 lakh, where cost of the house does not exceed to ₹25 lakh.
- The eligible limit of housing loans to individuals, sanctioned on or after 01.04.2011, enhanced from ₹20 lakh to ₹25 lakh for classification under priority sector.
- A new liquidity support mechanism for banks in the form of marginal standing facility (MSF) introduced from May 9, 2011.

*सिलवासा में बैंक द्वारा वित्त-पोषित एक कताई इकाई*

***A spinning unit financed by the Bank at Silvassa***

- 01.04.2011 के बाद व्यष्टि वित्त संस्थान हेतु किसी व्यक्ति या एसएचजी/जेएलजी को प्रदत ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में वर्गीकृत होंगे तथा संबंधित श्रेणी जैसे कृषि, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के तहत होंगे।
- विशिष्ट श्रेणी के एनपीए अग्रिमों व पुन: संरचित अग्रिमों के लिए प्रावधानों में वृद्धि हुई।
- असफल एटीएम लेनदेन संबंधी शिकायतों के निवारण की समय सीमा को 12 दिनों से घटाकर 07 दिन किया गया।
- भारतीय निवासियों के लिए 25 अक्टूबर 2011 से बचत जमा दर को अविनियमित किया गया है बशर्ते:-

अ ₹1 लाख तक के बचत जमा पर एक समान दर रखी जायेगी।

ब ₹1 लाख से ऊपर की बचत जमा पर विभेदक दर प्रभावी होगी।

परंतु उसी तिथि को स्वीकार की गई राशि की समान राशि की बचत जमा पर भी वही दर लागू होगी।

- निजी क्षेत्र के बैंक भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तरह केंद्रीय/प्रांतीय सरकारी कारोबार का संचालन कर सकेंगे (जहाँ आरबीआई एजेंसी कमीशन का भुगतान करेगा)
- 13 फरवरी 2012 को कारोबार की समाप्ति के बाद तकनीकी समायोजन के रुप में बैंक रेट को 6.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत प्रति वर्ष किया गया। जिसे अंतर स्थायी सुविधा (MSF) दर के साथ समन्वित कर तरलता समायोजन सुविधा के तहत रेपो रेट से संबंद्ध किया गया।
- मोबाइल बैंकिंग हेतु कोष अंतरण एवं वस्तु/सेवाओं के क्रय हेतु लेनदेन की ₹50,000 प्रति ग्राहक/प्रतिदिन की सीमा को हटा दिया गया है।

## संभावनाएं, चुनौतियां एवं परिदृश्य

केंद्रीय बजट 2012-13 में वर्ष 2012-13 के लिए सकल घरेलू उत्पाद में 7.6 प्रतिशत (+/- 0.25%) वृद्धि का अनुमान रखा गया है जिससे बैंकिंग प्रणाली में साख एवं अन्य सेवाओं की मांग में वृद्धि होने की आशा है। वर्ष 2010-11 में व्यवसाय प्रतिनिधियों द्वारा 2000 से ज्यादा के आबादी वाले गांवों में बैंकिंग सुविधा प्रदान करने हेतु 'स्वाभिमान' का शुभारंभ किया गया। मार्च 2012 तक 73,000 बस्तियों को चिह्नित किया गया था जिसमें लगभग 70,000 बस्तियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इसके साथ ही 2.55 करोड़ लाभार्थियों के खाते चालू कर दिए गए हैं। अगले चरण में इन बस्तियों के लिए अति सूक्ष्म शाखाओं की स्थापना की गयी है। जहाँ व्यवसाय प्रतिनिधि नकदी लेन देन कर बैंकिंग सेवा प्रदान करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय मजबूती के लिए ₹15,888 करोड़ की पूंजी प्रदान की गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए साधन जुटाने हेतु वित्तीय नियंत्रक कंपनी के निर्माण की संभावनाएं भी विचाराधीन है। वर्ष 2012-13 में केंद्रीयकृत रुप में 'अपने ग्राहक को जानिए' निक्षेपागार बनाया जायेगा जिससे पंजीकरण की बहुलता एवं तिथियों के अद्यतन को टाला जा सकेगा।

ऐसा अनुमान है कि 2012-13 के दौरान मुद्रास्फीति अधिक स्वीकार्य स्तर तक नीचे आयेगी। जिससे ब्याज दरों में स्थायित्व आयेगा। वर्ष 2012-13 में राजकोषीय घाटा 5.1 प्रतिशत होने का अनुमान है जो वर्ष 2011-12 में 5.9 प्रतिशत था। इस घाटे का वित्त पोषण दिनांकित प्रतिभूतियों से ₹4.79 लाख करोड़ की निवल बाजार उधारी द्वारा किया जायेगा। इसके साथ 2012-13 की समाप्ति पर कुल ऋण स्टाक जीडीपी का 45.5 प्रतिशत होगा जबकि तेरहवीं वित्त आयोग का लक्ष्य जीडीपी का 50.5 प्रतिशत का है। 2012-13 के लिए प्रभावी राजस्व घाटा ₹1,85,752 करोड़ है जो जीडीपी का 1.8 प्रतिशत है।

बैंक के समक्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार अंश में सुधार करने सहित स्थिर एवं कम लागत के दीर्घावधि जमा आधार को महत्व देने, आस्ति गुणवता बनाये रखने, व्यवसाय एवं लाभप्रदता को बढ़ाने के लिए उन्नत तकनीक का अनुकूलतम उपयोग, परिष्कृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली का विकास, निवल ब्याज अन्तर में वृद्धि, गैर-कोषीय व्यवसाय को बढ़ाने, ग्राहक सेवाओं में और सुधार तथा उच्च स्तरीय कॉरपोरेट अभिशासन व्यवहारों का अभिग्रहण करने पर जोर देने को प्रमुख चुनौतियां निरन्तर बनी हुई हैं।

*बैंक द्वारा वित्त-पोषित जयपुर को एक विद्यालय* ***A School Financed by the Bank at Jaipur***

- Bank credit to micro finance institutions (MFIs), extended on or after 01.04.2011 for on-lending to individuals and also to members of SHGs/JLGs, made eligible for categorization as Priority Sector advance under respective categories viz. agriculture, micro and small enterprises etc.
- The provisioning requirement on certain category of NPA advances and restructured advances increased.
- The time limit reduced from 12 working days to 7 working days for resolution of complaints regarding failed ATM transactions.
- Savings Bank deposit rate for Indian residents deregulated from October 25, 2011 with the condition that (a) Uniform rate would be offered to Savings Bank deposits upto ₹1 lakh (b) Differential interest rate may be provided for saving bank deposits over ₹1 lakh, subject to the condition that same rate would be offered to deposits of similar amount accepted on the same date.
- Private sector banks made eligible to handle any Central/State Government business (where RBI pays agency commission) at par with public sector banks.
- As a technical adjustment, the Bank Rate increased from 6.0% to 9.5% per annum from the close of business on February 13, 2012 by realigning it with marginal standing facility (MSF) rate which, in turn, is linked with repo rate under liquidity adjustment facility.
- For mobile banking transaction, the cap of ₹50,000 per customer per day for both funds transfer and transaction involving purchase of goods/ services removed.

## OPPORTUNITIES, CHALLENGES AND OUTLOOK

The Union Budget 2012-13 has placed the GDP growth projections for 2012-13 at 7.6% (+/- 0.25%), which is expected to boost the demand for credit and other services from the banking system. In 2010-11, "Swabhimaan" campaign was launched to extend banking facilities through Business Correspondents to habitations having population in excess of 2000. Out of 73,000 identified habitations that were to be covered by March, 2012, about 70,000 habitations have been provided with banking facilities. With this, over 2.55 crore beneficiary accounts would have been operationalised. As a next step, Ultra Small Branches have been set up at these habitations, where the Business Correspondents would deal with cash transactions. To protect the financial health of Public Sector Banks and Financial Institutions, ₹15,888 crore have been provided for capitalization. The possibility of creating a financial holding company to raise resources to meet the capital requirement of PSU Banks is also under examination. A central "Know Your Customer" depository will be developed in 2012-13 to avoid multiplicity of registration and date upkeep.

It is expected that, during 2012-13, inflation would decline to more acceptable levels which would impart some stability in the matter of interest rates. The fiscal deficit has also been projected lower at 5.1% in 2012-13 compared to 5.9% in the year 2011-12. The net market borrowings through dated securities to finance this deficit is ₹4.79 lakh crore. With this, the total Debt stock at the end of 2012-13 would work out at 45.5% of GDP as compared to the Thirteenth Finance Commission target of 50.5% of GDP. The Effective Revenue Deficit in BE 2012-13 works out to ₹1,85,752 crore which is 1.8% of GDP.

The foremost challenges before the Bank continues to be improving its market share both in the State of Rajasthan and on an all-India basis with emphasis on maintaining asset quality, utilizing advanced technology for increase in business and profitability, improving risk management systems, increasing net interest margin, increasing non-fund based business sizably and achieving further improvement in the customer service by adopting best Corporate Governance practices.

*बैंक द्वारा वित्त-पोषित नई दिल्ली का एक अस्पताल*

***A Hospital financed by the Bank in New Delhi***




## निगमित परिचालन

### व्यवसाय निष्पादन

बैंक का समग्र व्यवसाय (जमाराशियाँ एवं सकल अग्रिम) ₹15,962 करोड़ (16.70 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज करते हुए अन्त-मार्च 2012 को ₹1,11,558 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुँच गया है, जो कि अन्त-मार्च 2011 को ₹95,596 करोड़ था। कुल जमाराशियाँ अन्त-मार्च 2012 तक ₹7,720 करोड़ (14.34 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹61,572 करोड़ के स्तर पर जा पहुँची है, जबकि सकल अग्रिम ₹8,242 (19.74 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹49,986 करोड़ के स्तर तक पहुँच गये हैं। जमाराशियों की लागत वर्ष 2010-11 की 5.81 प्रतिशत से बढ़कर 2011-12 में 6.85 प्रतिशत हो गई है, जबकि अग्रिमों पर आय सुधर कर 10.30 प्रतिशत से 11.51 प्रतिशत हो गई।

### कोष एवं निवेश

वर्ष के दौरान सामान्यत: अपर्याप्त तरलता बनी रही और बैंक ने तरलता प्रबंधन के लिए चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), मांग मुद्रा तथा कोलेट्रलाइज्ड बोरोइंग एन्ड लेण्डिंग ओब्लिगेशन (सीबीएलओ) प्लेटफॉर्मस का उपयोग किया। पारंपरिक रुप से, हमारा बैंक मुद्रा बाजार का एक निवल उधारदाता रहा है, परंतु इस वर्ष, अपर्याप्त तरलता स्थितियों के कारण हम निवल उधारकर्ता रहे। जब भी अल्पावधि कोषों की उपलब्धता रही, समग्र आय में सुधार हेतु उनका अभिनियोजन तरल म्युचुअल फंडों एवं जमा-प्रमाण पत्रों में किया गया। वर्ष के प्रथम अर्द्धभाग में सरकारी प्रतिभूतियों के बाजार में रिकॉर्ड सरकारी उधारी कार्यक्रम एवं मुद्रास्फीति के बढ़ते स्तर के कारण मंदी का माहौल रहा। 10 वर्षीय बैंचमार्क सरकारी प्रतिभूति पर आय अन्त-मार्च 2011 में 7.98 प्रतिशत से बढ़कर मध्य-नवम्बर 2011 में 8.97 प्रतिशत हो गई। परिणामस्वरुप, एचटीएम श्रेणी की सरकारी प्रतिभूतियों के विक्रय द्वारा लाभ प्राप्ति के अवसर क्षीण हो गये क्योंकि आय 99 आधार बिंदुओं से बढ़ा। तथापि व्यापार लाभ में वृद्धि करने हेतु इन्ट्रा-डे व्यापार की संभावनाओं का उपयोग किया गया।

पिछली तिमाही के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारियों की अनुकूल टिप्पणियों से, तंत्र में अपर्याप्त तरलता में कमी लाने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा खुले बाजार क्रियाकलापों के अंतर्गत क्रय करने, मुद्रास्फीति में तीव्र गिरावट ने ब्याज दर वृद्धि आदि में संभावित कमी होने की आशा जगने से बाजार सकारात्मक हुआ है तथा जिससे बैंक को खुले बाजार क्रियाकलापों के माध्यम से लाभ अर्जित करने में सहयोग किया। बैंक ने उच्चतर सांविधिक तरलता अनुपात का उपयोग विभिन्न मुद्रा बाजारों में उपलब्ध अंतरपणन संभावनाओं से लाभ उठाने में किया। वर्ष के अधिकांश भाग में सकल घरेलू उत्पाद में लगातार धीमी वृद्धि, नीतियों के कार्यान्वयन में बाधा सहित नकारात्मक यूरोपीय समाचारों तथा अमरीकी सम्प्रभुता की दरों में गिरावट के कारण शेयर बाजार नकारात्मक क्षेत्र में रहा। तथापि विदेशी बाजारों से सकारात्मक खबरे आने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से लगातार खरीद करने के कारण शेयर बाजारों ने हरे निशान में रहकर ऊपर की ओर रुख किया। यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में भी स्थायित्व के चिन्ह दिखने लगे तथा निवेशक यूरोक्षेत्र के देशों में राजकोषीय समेकन उपायों की सराहना कर रहे हैं। बैंक ने अच्छे रिकार्ड/मौलिक रुप से सुदृढ़ कंपनियों के आइपीओ / एफपीओ में निवेश किया है तथा अधिकतम आय प्राप्ति हेतु द्वितीयक बाजारों में भी व्यापार किया है।

बैंक के निवल निवेश अन्त-मार्च 2011 के ₹13,521 करोड़ से बढ़कर अन्त-मार्च 2012 को ₹16,669 करोड़ हो गये। निवेशों से आय, लाभों को छोड़कर, वर्ष 2010-11 के 6.90 प्रतिशत से सुधार कर वर्ष 2011-12 में 7.48 प्रतिशत हो गई। समान अवधि में, निवेशों से आय, लाभों सहित, 7.18 प्रतिशत से सुधार कर 7.67 प्रतिशत हो गई।

## वित्तीय गतिविधियां

### निवल ब्याज आय

बैंक की कुल ब्याज आय, वर्ष 2010-11 के ₹4796.48 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2011-12 में ₹6291.36 करोड़ हो गई, जो कि 31.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। ब्याज खर्च पिछले वर्ष के ₹3026.76 करोड़ की तुलना में 34.47 प्रतिशत से बढ़कर, ₹4069.96 करोड़ हो गया है। निवल ब्याज आय 25.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए, वर्ष 2010-11 के ₹1769.72 करोड़ की तुलना में, वर्ष 2011-12 में ₹2221.40 करोड़ हो गई है। निवल ब्याज का अन्तर अन्त मार्च 2011 के 3.38 प्रतिशत से सुधरकर अन्त-मार्च 2012 को 3.70 प्रतिशत हो गया है।

*बैंक की 06 जून 2011 को आयोजित अंशधारकों की 50वीं वार्षिक साधारण सभा*

*50th Annual General Meeting of Share holders held at Jaipur on 6th June 2011*

# CORPORATE OPERATIONS

## BUSINESS PERFORMANCE

The overall business of the Bank (deposits plus gross advances) reached a level of ₹1,11,558 crore as at end-March 2012 as against ₹95,596 core as at end-March 2011, recording a growth of ₹15,962 crore (16.70%). The total deposit increased by ₹7,720 crore (14.34%) to reach a level of ₹61,572 crore while advances increased by ₹8,242 crore (19.74%) to reach a level of ₹49,986 crore by end-March 2012. The cost of deposits of the Bank increased from 5.81% in 2010-11 to 6.85% in 2011-12, while yield on advances improved from 10.30% to 11.51%.

## TREASURY AND INVESTMENTS

During the year, liquidity remained generally tight and the Bank utilized the LAF, Call money and CBLO (Collateralized Borrowing and Lending Obligation) platforms for liquidity management. Traditionally, our Bank used to be a net lender in the money market, but this year, we remained net borrowers due to tight liquidity conditions. Whenever short term surplus funds were available, they were deployed in the liquid mutual funds and certificates of deposit to improve the overall yield. The sentiments in the Government securities market remained bearish in the first half of the year on account of a record Government borrowing programme and elevated level of inflation. The yield on the 10 year Benchmark Government security moved up from 7.98% at end-March 2011 to 8.97% in mid-November 2011. Consequently, chances of profit booking by selling Government securities from HTM category was meager, as the yield moved northwards by 99 basis points. However, opportunities under intra-day trading were utilized for increasing the trading profit.

During the last quarter, favourable comments from various RBI officials, continuation of Open Market Operations (OMO) purchases by the RBI to alleviate the tightness in the systemic liquidity, sharp drop in inflation numbers, which raised the hope of a possible reversal in rate hike etc., moved the market positively and helped the Bank to book profit through OMO. The Bank used higher SLR holdings to take advantage of arbitrage opportunities arising in different money markets. Equity markets remained in the negative territory for most part of the year due to continuous slowdown in GDP growth, policy logjam coupled with series of negative European news and downgrades of US sovereign rating. However, Equity markets were in the green during the last two months tracking positive cues from overseas markets and showed upward momentum on the back of sustained buying activity from Foreign Institutional Investors. Also, European economies were noticing signs of stability and further investors were beginning to appreciate the fiscal consolidation measures under way in Eurozone countries. Bank invested in IPOs/FPO of companies with proven record/sound fundamentals and also undertook trading in the secondary markets to maximize returns.

The Bank's net investments increased from ₹13,521 crore as on 31st March 2011 to ₹16,669 crore as on 31st March 2012. The yield on investments, excluding profits, improved from 6.90% in 2010-11 to 7.48% in 2011-12. The yield on investments, including profits, improved from 7.18% to 7.67% during the same period.




# FINANCIAL HIGHLIGHTS

## NET INTEREST INCOME

The Bank's total interest income increased from ₹4796.48 crore during 2010-11 to ₹6291.36 crore during 2011-12, recording a growth of 31.17%. Interest expenditure increased by 34.47% to ₹4069.96 crore, as against ₹ 3026.76 crore in the previous year. The net interest income recorded a growth of 25.52% to ₹2221.40 crore, as against ₹1769.72 crore in 2010-11. The net interest margin increased from 3.38% for the year ended March 2011 to 3.70% for the year ended March 2012.

*तकनीक आधारित कृषि: बैंक द्वारा वित्त-पोषित एक हारवेस्टर*

***Technology-Based Agriculture: A Harvester financed by the Bank***

## गैर ब्याज आय

बैंक की गैर ब्याज आय वर्ष 2010-11 के ₹639.70 करोड़ से 6.37 प्रतिशत गिरकर वर्ष 2011-12 में ₹598.97 करोड़ रह गई। समीक्षाधीन वर्ष में हुई गिरावट, विगत वर्ष की तुलना में, सरकारी कमीशन में ₹28.30 करोड़, विदेशी विनिमय लेनदेनों से हुई आय में ₹38.64 करोड़, विनियोगों के विक्रय से हुए लाभ में ₹12.59 करोड़ एवं विनिमय/दलाली से ₹4.72 करोड़ की कमी के परिणामस्वरूप हुई। तथापि अन्य कमीशन में ₹44.90 करोड़ की वृद्धि हुई।

## परिचालन व्यय

परिचालन व्यय वर्ष 2010-11 के ₹1269.17 करोड़ से 4.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2011-12 में ₹1330.76 करोड़ हो गए। इसमें से कर्मचारी लागत में 0.86 प्रतिशत की कमी होकर ₹819.82 करोड़ हो गई, जबकि अन्य परिचालन व्यय 15.54 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹510.94 करोड़ हो गए।

## लाभ

बैंक का परिचालन लाभ वर्ष 2010-11 के ₹1140.25 करोड़ की तुलना में वर्ष 2011-12 में 30.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹1489.61 करोड़ हो गया है। निवल लाभ वर्ष 2010-11 के ₹550.88 करोड़ से 18.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2011-12 में ₹652.03 करोड़ हो गया है।




## मुख्य वित्तीय संकेतक

आस्तियों पर अर्जित प्रतिफल पिछले वर्ष के 0.96 प्रतिशत की तुलना में सुधार कर वर्ष 2011-12 के दौरान 0.99 प्रतिशत हो गया है। पूँजी पर प्रतिफल पिछले वर्ष के




19.32 प्रतिशत से गिर कर 15.66 प्रतिशत हो गया है। प्रति अंश आय वर्ष 2010-11 के ₹101.53 से गिरकर वर्ष 2011-12 में ₹95.05 हो गई है जबकि प्रति अंश पुस्तक मूल्य वर्ष 2010-11 के ₹570.16 से सुधार कर वर्ष 2011-12 में ₹594.98 हो गया है। अन्त-मार्च 2012 को बैंक का पूँजी पर्याप्तता अनुपात बासेल-I तथा बासेल-II के अनुसार क्रमश: 12.81 प्रतिशत एवं 13.76 प्रतिशत हो गया है, जो अन्त-मार्च 2011 को बासेल-I तथा बासेल-II के अनुसार क्रमश: 11.32 प्रतिशत एवं 11.68 प्रतिशत था। यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 9 प्रतिशत के मानदण्ड से अधिक है। औद्योगिक क्षेत्र सहित कृषि क्षेत्र द्वारा निरन्तर दबाव का सामना करने से गैर निष्पादित आस्तियों में वृद्धि के कारण बैंक का सकल गैर निष्पादित आस्ति अनुपात व निवल गैर निष्पादित आस्ति अनुपात अन्त-मार्च 2011 के क्रमश: 2.0 प्रतिशत व 0.83 प्रतिशत से बढ़कर अन्त-मार्च 2012 को क्रमश: 3.30 प्रतिशत व 1.92 प्रतिशत हो गया है। प्रति कर्मचारी औसत व्यवसाय गत वर्ष के ₹751 लाख से बढ़कर वर्ष 2011-12 में ₹827 लाख हो गया है। प्रति कर्मचारी निवल लाभ वर्ष 2010-11 के ₹4.84 लाख से बढ़कर वर्ष 2011-12 में ₹5.42 लाख हो गया है। प्रति शाखा औसत व्यवसाय पिछले वर्ष के ₹ 94.72 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2011-12 में ₹104.73 करोड़ हो गया है।

## लाभांश

बैंक द्वारा वर्ष 2011-12 के दौरान गत वर्ष 164 प्रतिशत यथा ₹16.40 प्रति शेयर के मुकाबले 145 प्रतिशत यथा ₹14.50 प्रति इक्विटी शेयर (शेयर का अंकित मूल्य ₹10 प्रति शेयर) अंतरिम लाभांश घोषित किया गया। शेयरधारकों की अंतरिम लाभांश पात्रता हेतु रिकॉर्ड तिथि 27 मार्च, 2012 थी। अंतरिम लाभांश को अंतिम लाभांश माना जायेगा।

## साख प्रबंधन

वर्ष 2011-12 के दौरान आर्थिक उन्नति के समरुप कुल मिलाकर ऋण मांग में आधिक्य की प्रवृति बनी रही। तथापि बैंक ने गुणवत्तायुक्त साख वृद्धि और तीव्रतर ऋण सुपुर्दगी पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कृषि, लघु एवं मध्यम उद्यमों एवं आधारभूत क्षेत्र में वित्तीयन को विशेष महत्व देते हुए बड़े निकायों पर बल देना जारी रखा। बैंक के अग्रिम वर्ष 2010-11 में हुई 17.40 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में वर्ष 2011-12 के दौरान 19.74 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

बैंक के व्यावसायिक एवं संस्थागत (सी एण्ड आई) ऋणों में (खाद्य ऋणों के अतिरिक्त) ₹4,978 करोड़ (23.44 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि गैर व्यावसायिक एवं संस्थागत खण्ड, जिसमें वैयक्तिक खण्ड, लघु व्यवसाय एवं कृषि ऋण सम्मिलित हैं, के ऋणों में वर्ष 2011-12 में ₹3,205 करोड़ (16.34 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है। आधारभूत विकास यथा उर्जा, सड़क, बन्दरगाह तथा पैट्रोलियम सहित अन्य क्षेत्र यथा इस्पात, वस्त्र व गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों को ऋण प्रदान किये जाने के प्रति मुख्य प्रेरक बना रहा है।

वर्ष के दौरान वर्तमान ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरुप साख सीमाओं में वृद्धि किये जाने के साथ व्यावसायिक एवं संस्थागत खण्ड में उच्च मूल्य वर्ग के 122 नये ग्राहकों को ₹9,430 करोड़ की साख सुविधाएं स्वीकृत की गई। प्रधान कार्यालय में बैंक की व्यवसाय प्रक्रिया पुन: अभियांत्रिकी परियोजना के अंतर्गत उच्च मूल्य वर्ग के ग्राहकों के लिए स्थापित किये गए केन्द्रीकृत प्रक्रिया केन्द्र (सीपीसी) ने उच्च मूल्य वर्ग के ऋण प्रस्तावों का त्वरित मूल्यांकन/आंकलन जारी रखा।

वर्तमान प्रतिस्पर्द्धात्मक बाजार के परिदृश्य

## NON INTEREST INCOME

The non-interest income of the Bank declined by 6.37% from ₹639.70 crore in 2010-11 to ₹598.97 crore during 2011-12. The decline during the year under review, as compared to the last year, is on account of decrease of ₹28.30 crore in Government Commission, ₹38.64 crore in profit on forex turnover, ₹12.59 crore in profit on sale of investments and ₹4.72 crore in exchange/brokerage. However, other commission has been increased by ₹44.90 crore.

## OPERATING EXPENSES

The operating expenses recorded a growth of 4.85% from ₹1269.17 crore in 2010-11 to ₹1330.76 crore during 2011-12. Of this, employee costs decreased by 0.86% to ₹819.82 crore, while other operating expenditure increased by 15.54% to ₹510.94 crore.

## PROFIT

During 2011-12, the operating profit increased to ₹1489.61 crore, recording a growth of 30.64% as against ₹1140.25 crore in the previous year. The net profit recorded a growth of 18.36% from ₹550.88 crore in 2010-11 to ₹652.03 crore in 2011-12.

## KEY FINANCIAL INDICATORS

